www.jnueeqp.com

**24**

**Total Pages : 4**

## ENTRANCE EXAMINATION, 2013

M.Phil./Ph.D.

INTERNATIONAL POLITICS, INTERNATIONAL ORGANIZATION, DIPLOMACY & DISARMAMENT, AND POLITICAL GEOGRAPHY

[ Field of Study Code : INPP (110)/ORGP (111)/DADP (112)/POGP (113) ]

*Time Allowed* : 3 hours | *Maximum Marks* : 70

**Note :**
(i) This question paper consists of Five Sections—A, B, C, D and E.
(ii) Attempt *any* **two** questions from Section—A and *any* **three** from *only* ONE of the other Sections, i.e., Sections—B, C, D or E.
(iii) **Take care to answer questions *only* from the Section corresponding to the Division of Study into which you are seeking admission.**
(iv) In all, **five** questions need to be attempted.
(v) You are required to substantiate your answers with examples, analogies, data, references to theories and thinkers, illustrations, maps and/or diagrams, as appropriate.
(vi) All questions carry equal marks (i.e., 14 marks each).

### SECTION—A

1. Write an essay on the formation of the modern Nation-State. In this regard, how do Charles Tilly's arguments differ from those of the Classical Social Contractarians?

2. Analyze the 'Eurozone Crisis' from both the theoretical and policy perspectives.

3. "Caste politics is the triumph of politics over caste." Analyze the veracity of this statement in the context of India's democratic and electoral politics.

4. Assess the relationship between the State and the market, in the context of the East Asian economic growth model.

5. A recent report from a New Delhi-based think tank suggests the need for 'Nonalignment 2·0'. Evaluate the debate around this report.


www.jnueeqp.com

6. Is class a relevant category to understand international relations? Cite appropriate references in your answer.

7. Why are towns constantly growing both in population and in area? What are the major problems caused by urban growth?

8. What factors produce the large differences in annual precipitation throughout the world?

www.jnueeqp.com

## SECTION—B

**( International Politics )**

9. How do the various theoretical perspectives in international relations view of issues of human rights?

10. Is polarity merely a question of distribution of power, or something beyond it? Substantiate by citing relevant theoretical works.

11. How does the politics of identity manifest itself in international politics?

12. "The Weak See Things Differently."

    Write an essay on Southern theorists and perspectives on International Relations theory.

13. Outline some of the major feminist critiques of mainstream International Relations theory, citing relevant authors and materials.

14. Delineate, using relevant theoretical writings, the broad elements of liberal approaches to international politics.

## SECTION—C

**( International Organization )**

15. What are the central elements of the realist perspective on international organization? Explain how it has evolved over time, capturing the shift from classical to structural realism.

16. In what ways was the United Nations an improvement over the League of Nations? Substantiate your answer with specific references to the differences and similarities between the two organizations.

17. Examine the continuities and changes that the United Nations has undergone as an organization after the end of the Cold War.

18. Why are the Bretton Woods Institutions so prone to attracting criticism? Examine the various categories of reasons on the basis of which the World Bank and the International Monetary Fund are criticized.

19. What is New Regionalism? Discuss with the help of examples drawn from different regional organizations.

20. Write short notes on any *two* of the following :

*(a)* Current challenges faced by the European Union

*(b)* International Atomic Energy Agency

*(c)* Salient issues in the Doha 'Development' Round

*(d)* Role of International Non-Governmental Organizations (INGOs) in the world politics, using any one INGO as an example to substantiate your points

www.jnueeqp.com

## SECTION—D

### ( Diplomacy and Disarmament )

21. What is Track—II Diplomacy? Examine its role and significance in resolving intractable conflicts. Illustrate with examples.

22. Examine the significance of personality in international diplomacy. Discuss the impact of Jawaharlal Nehru in this regard.

23. Write an essay on the India-United States Civil Nuclear Deal. Examine the arguments put forward by the critics of the Deal.

24. "India has been a great proponent of Nuclear Weapon-free World." Is disarmament a feasible strategy to ensure security?

25. Elucidate Gandhian understandings of structural violence, giving examples of its presence in social, political and economic structures.

26. Write short notes on any *two* of the following :

*(a)* Australia Group

*(b)* Missile Technology Control Regime

*(c)* Nuclear Suppliers Group

*(d)* Wassenaar Arrangement

www.jnueeqp.com

## SECTION—E

### ( Political Geography )

**27.** Explain Friedrich Ratzel's 'Laws of Spatial Growth of States'.

**28.** Explain the functional approach to Political Geography as enunciated by Richard Hartshorne.

**29.** "The character of Maritime Boundaries has changed significantly after the United Nations Convention on the Law of the Sea of 1982." Critically evaluate this statement.

**30.** Define the 'Territorial Trap' as expounded by John Agnew.

**31.** What is critical geopolitics and what are its main tenets?

**32.** Write short notes on any *two* of the following :

*(a)* Geostrategic Realms

*(b)* Indian Ocean Region

*(c)* South China Sea

*(d)* Geopolitical Shift

★ ★ ★

www.jnueeqp.com

www.jnueeqp.com



# ENTRANCE EXAMINATION, 2013

## M.A. HINDI

[ Field of Study Code : HNDM (210) ]

*Time Allowed* : 3 hours　　　　*Maximum Marks* : 100

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**1.** आधुनिक सन्दर्भों में कबीर की कविता का मूल्यांकन आप कैसे करेंगे?

**अथवा**

प्रेमाख्यान काव्य परम्परा को ध्यान में रखते हुए 'पद्मावत' के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

**2.** रीतिमुक्त काव्य धारा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**अथवा**

छायावाद पर एक निबन्ध लिखिए।

**3.** संवेदना और शिल्प के स्तर पर आए महत्त्वपूर्ण परिवर्तनकारी मोड़ों को लक्षित करने वाले हिन्दी उपन्यासों पर चर्चा कीजिए।

**अथवा**

भारतेन्दु **अथवा** मोहन राकेश के नाटकों में अभिव्यक्त समस्याओं के निरूपण पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

**4.** 'नई कहानी' के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी संवेदना और शिल्पगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

व्यक्ति और समाज के सहसम्बन्धों को ध्यान में रखते हुए अज्ञेय की कविताओं पर विचार कीजिए।

**5.** (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** कृति पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए :

*(i)* रस मीमांसा
*(ii)* शृंखला की कड़ियाँ
*(iii)* एक साहित्यिक की डायरी
*(iv)* कहानी—नई कहानी
*(v)* कबीर के आलोचक
*(vi)* पिंजरे की मैना

(ख) निम्नलिखित कवितांश का काव्य-सौन्दर्य रेखांकित कीजिए :

हमने देखा कि फूल हँसते थे
डाल पर झूल झूल हँसते थे
पूछा, कल की कुछ ख़बर है क्या—
बात सब भूल भूल हँसते थे।

**अथवा**

इंसान के अँखौटे में डालकर मुझे
        सब कुछ तो दे दिया
जब मुझे मेरे कवि का बीज दिया कटु-तिक्त।
फिर एक ही जन्म में और क्या क्या
चाहिए!

★ ★ ★

www.jnueeqp.com

www.jnueeqp.com

JNUEE: Question Papers (2010-2012) Rs.10/-

700

Total Pages: 6

**27**

**ENTRANCE EXAMINATION, 2012**

M.A. HINDI

[ Field of Study Code : HNDM (210) ]

*Time Allowed* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं

**1.** हिन्दी साहित्य के आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना करें।

**अथवा**

सौन्दर्योपासक गीति कवि के रूप में विद्यापति का मूल्यांकन करें।

**2.** "अपनी मूल प्रकृति में पद्मावत एक त्रासदी है... शायद हिन्दुस्तान या सम्भवतः एशिया की धरती पर लिखा हुआ एकमात्र ग्रंथ है जो यूनानियों की ट्रेजेडी के काफी निकट है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं?

**अथवा**

"केशव को कवि-हृदय नहीं मिला था। उसमें वह सहृदयता और भावुकता न थी जो एक कवि में होनी चाहिए। वे संस्कृत साहित्य से सामग्री लेकर अपने पांडित्य और रचना-कौशल की धाक जमाना चाहते थे पर इस कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए भाषा पर जैसा अधिकार चाहिए वैसा उन्हें प्राप्त न था।" इस कथन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें।

**3.** हिन्दी नाटक के विकास में जयशंकर प्रसाद के योगदान का विश्लेषण करें।

**अथवा**

हिन्दी के मनोवैज्ञानिक उपन्यासों पर एक समीक्षात्मक निबन्ध लिखें।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो पुस्तकों की समीक्षा करें :

(क) रामचरितमानस

(ख) पल्लव

(ग) चतुरी चमार

(घ) तार-सप्तक

(ङ) अंधा-युग

(च) हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास

5. निम्नलिखित पंक्तियों की काव्यात्मकता रेखांकित करें :

करत कछु नहीं आजु बनी।
हरि आए हौं रही ठगी-सी जैसे चित्र धनी॥
आसन हरषि हृदय नहिं दीन्हौ कमल कुटी अपनी।
न्यौछावर उर अरध न नैननि जल-धारा जु बनी॥
कंचुकी तैं कुच-कलस प्रकटि ह्वै टूटि न तरक तनी।
अब उपजी अति लाज मनहिं मन समुझत निज करनी॥
मुख देखत न्यारी-सी रहि गई बिनु बुधि मति सजनी।

www.jnueeqp.com

अथवा

मरने से पहले घर एक बार जाने की आकांक्षा
साहित्य के अन्दर कितना पिटा हुआ वाक्य बन जाती है

लेखक को यह अर्पण गर ...
करुणा से स्वर कँपाय तुमने बहाय दी।

27

# JNUEE: Question Papers (2007-2011) Rs.10/-

Total Pages : 10

**ENTRANCE EXAMINATION, 2011**

587

M.A. HINDI

[ Field of Study Code : HNDM (210) ]

*Time Allowed* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं**

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं

**1.** कबीर हमें क्यों आधुनिक लगते हैं? सोदाहरण विवेचना करें।

**अथवा**

19वीं सदी में हिन्दी गद्य के विकास के कारणों की पड़ताल करें।

**2.** "मैं उपन्यास को मानव चरित्र का चित्र मात्र समझता हूँ। मानव चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्त्व है।" प्रेमचन्द की उपन्यास विषयक इस धारणा से आप कहाँ तक सहमत हैं? हिन्दी के किसी एक उपन्यास का उदाहरण देकर इस पर विचार करें।

**अथवा**

"हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिन्तन हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो, जीवन की सचाइयों का प्रकाश हो—जो हममें गति और बेचैनी पैदा करे, सुलाए नहीं; क्योंकि अब और ज्यादा सोना मृत्यु का लक्षण है।" प्रेमचन्द की साहित्य विषयक इस धारणा को सोदाहरण स्पष्ट करें।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** किताबों का आलोचनात्मक परिचय प्रस्तुत करें :

(क) मैला आँचल

(ख) एक दुनिया समानान्तर

(ग) दूसरी परम्परा की खोज

(घ) शृंखला की कड़ियाँ

(ङ) कलम का सिपाही

(च) चाँद का मुँह टेढ़ा है

(छ) आधे-अधूरे

(ज) मुर्दहिया

**अथवा**

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** रचनाकारों पर आलोचनात्मक टिप्पणियाँ लिखें :

(क) अज्ञेय

(ख) केदारनाथ अग्रवाल

www.jnueeqp.com

(ग) नागार्जुन

(घ) शमशेर

(ङ) उपेन्द्रनाथ अश्क

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखें :

(क) दलित साहित्य विमर्श

(ख) साहित्य में नारीवाद

(ग) साहित्य और सिनेमा

(घ) पत्रकारिता और साहित्य

(ङ) नए जनसंचार माध्यम और साहित्य

(च) हिन्दी साहित्य में आदिवासी मुक्ति का सवाल

**5.** धूमिल की कविता 'मोचीराम' के निम्नलिखित अंश की आलोचनात्मक व्याख्या करें :

जबकिं असलियत यह है कि आग
सबको जलाती है सच्चाई
सबसे होकर गुजरती है
कुछ हैं जिन्हें शब्द मिल चुके हैं
कुछ हैं जो अक्षरों के आगे अंधे हैं
वे हर अन्याय को चुपचाप सहते हैं
और पेट की आग से डरते हैं
जबकि मैं जानता हूँ कि 'इनकार से भरी हुई एक चीख़'
और 'एक समझदार चुप'
दोनों का मतलब एक है—
भविष्य गढ़ने में, 'चुप' और 'चीख़'
अपनी-अपनी जगह एक ही किस्म से
अपना-अपना फ़र्ज़ अदा करते हैं

www.jnueeqp.com

27 JNUEE: Question Papers (2006-2010) Rs.10/-

Total Pages : 10

**ENTRANCE EXAMINATION, 2010**

M.A. HINDI

[ Field of Study Code : HNDM (210) ]

*Time Allowed* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें
अन्तिम प्रश्न (9) अनिवार्य है
सभी प्रश्नों के मान बराबर हैं

**1.** हिन्दी साहित्य का आरम्भ आप कब से मानते हैं, सप्रमाण तर्क दें।

**2.** हिन्दी की आदिकालीन कविता के सन्दर्भ में विद्यापति की कविता का मूल्यांकन करें।

**3.** भक्ति आन्दोलन को क्या पहला भारतीय नवजागरण कहा जा सकता है?

**4.** मीरा को स्त्रीवादी (फेमिनिस्ट) कहना कितना उपयुक्त है, तर्कपूर्ण विवेचना करें।

**5.** रीतिकाल की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित करें।

**6.** बिहारी को क्या रीतिकाल का प्रतिनिधि कवि ठहराया जा सकता है?

**7.** अठारह सौ सत्तावन से आधुनिक हिन्दी की शुरुआत मानना क्या आप सही समझते हैं?

**8.** किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखें :

(क) छायावाद

(ख) नयी कहानी

(ग) दलित साहित्य

5/27

**9.** निम्नांकित काव्य-पंक्तियों की व्याख्या करें :

(क) अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयापन बाँक नहीं।
तहाँ साँचे चलैं तजि आपुनपौ झझकैं कपटी जे निसांक नहीं।

**अथवा**

(ख) हम सागर के धवल-हास हैं,
जल के धूम, गगन की धूल,
अनिल-फेन, उषा के पल्लव,
वारि-वसन, वसुधा के मूल;
नभ में अवनि, अवनि में अम्बर,
सलिल भस्म, मारुत के फूल,
हम ही जल में थल, थल में जल,
दिन के तम, पावक के तूल।

www.jnueeqp.com

6/27